C O N T E N T S

Sixteenth Series, Vol. VI Third Session, 2014/1936 (Saka)
No. 12, Tuesday, December 09, 2014/Agrahayana 18, 1936 (Saka)

S U B J E C T	**P A G E S**
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos. 221 to 225	4-51
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 226 to 240	52-115
Unstarred Question Nos. 2531 to 2760	116-574

*The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 575-582
702

MESSAGES FROM RAJYA SABHA 583

STANDING COMMITTEE ON LABOUR 584
Statements

STATEMENT BY MINISTER

Status of implementation of the recommendations contained in the 57th Report of the Standing Committee on Agriculture on National Institute of Food Technology, Entrepreneurship and Management (NIFTEM), pertaining to the Ministry of Food Processing Industries

Sadhvi Niranjan Jyoti 585

ELECTION TO COMMITTEE
Welfare of Other Backward Classes 585

CALLING ATTENTION TO THE MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE
Abduction of and harassment meted out to Tamil Fishermen by Sri Lankan Navy and steps taken by the Government in this regard

Dr. P. Venugopal 586-597

Shrimati Sushma Swaraj 586-589
595-598

MOTION RE: EIGHTH REPORT OF BUSINESS ADVISORY COMMITTEE 600

SUBMISSION BY MEMBER
Re: derogatory remarks made by a Member during a public rally in Kolkata 604-609

MATTERS UNDER RULE 377 610-627

(i) Need to allocate a coal mine for setting up of a dedicated power plant for Chandigarh

Shrimati Kirron Kher 610

(ii) Need to set up parking fee collection cabin within the Parking Area of vehicles at Ahmedabad Airport

Shri D. S. Rathod 611

(iii) Need to run Garib Rath Express (Train No. 12211/12212) between Delhi and Muzaffarpur (Bihar) daily and also provide a stoppage of the train at Bagaha in Bihar

Shri Satish Chandra Dubey 611

(iv) Need to run Amritsar Express (Train No. 11057/11058) from Dadar, Mumbai

Shri A.T. Nana Patil 612

(v) Need to enhance the rate of honorarium to Accredited Social Health Activists engaged under the National Rural Health Mission

Shrimati Rekha Verma 613

(vi) Need to provide relief and compensation to farmers whose land has been utilized for fencing the border in Rajasthan particularly in Barmer Parliamentary Constituency

Col. Sonaram Choudhary 614-615

(vii) Need to expedite payment of arrears of wages of labourers engaged in the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme in Madhya Pradesh

Shri Faggan Singh Kulaste 616

(viii) Need to restore the land of widows, military personnel and people belonging to weaker section allotted to them in Delhi under 20-point programme

Dr. Udit Raj 616

(ix) Need to provide adequate compensation for injury and loss of human lives as well as damage to crops by wild animals in Kheri Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Shri Ajay Mishra Teni 617

(x) Need to accelerate the pace of construction of broadgauge railway line from Macherla to Nalgonda

Shri Gutha Sukhender Reddy 618

(xi) Need to implement the One Rank One Pension Scheme for ex-servicemen

Shri Deepender Singh Hooda 619

(xii) Need to continue National Agriculture Insurance Scheme beyond the financial year 2014-15

Shri G. Hari 621

(xiii) Need to provide separate fund for Saansad Adarsh Gram Yojana

Shri V. Elumalai 622

(xiv) Need to provide adequate funds under the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme particularly in West Bengal

Prof. Saugata Roy 623

(xv) Need to allot land for construction of the building for Paradip Marine Police Station in Paradip Port, Odisha

Dr. Kulamani Samal 624

(xvi) Need to improve BSNL mobile service and fill up the vacant post of General Manager in Parbhani and Jalna districts of Maharashtra

Shri Sanjay Haribhau Jadhav 625

(xvii) Need to start operation of flights from Kolhapur Airport in Maharashtra

Shri Dhananjay Mahadik 626

(xviii) Need to take urgent steps to start the ESI Medical College at Parippally in Kollam, Kerala

Shri N.K. Premachandran 626

(xix) Need to permit rearing of milch animals in Delhi

Shri Ramesh Bidhuri 627

PAYMENT AND SETTLEMENT SYSTEMS (AMENDMENT) BILL, 2014

Motion to Consider 628

Shri Arun Jaitley 628-631
662-666

Shrimati V. Sathyabama 636-638

Shri Jagdambika Pal 639-643

Prof. Saugata Roy 644-648

Shri Bhartruhari Mahtab 649-653

Prof. Ravindra Vishwanath Gaikwad 654

Shri Konda Vishweshwar Reddy 655-656

Dr. A. Sampath 657-659

Kumari Sushmita Dev 660-661

Clauses 2 to 5 and 1 665

Motion to Pass 666

DISCUSSION UNDER RULE 193 667-651

(i) Natural calamities in various parts of the country

Shri Radha Mohan Singh 675-677

(ii) Reported Dilution of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme

Shri Sankar Prasad Datta 682-686

Shri Hukmdeo Narayan Yadav 687-693

Shri K.H. Muniyappa 694-698

Shri V. Elumalai 699-701

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions 728

Member-wise Index to Unstarred Questions 729-733

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions 734

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 735

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Prof. K.V. Thomas

Shri Anandrao Adsul

Shri Prahlad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka`

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Tuesday, December 09, 2014/Agrahayana 18, 1936 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

… (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : अध्यक्ष जी, मैंने एडजर्नमेंट मोशन दिया था। पहले शुक्रवार को भी दिया था। मैं आपसे अनुरोध करने के लिए भी आया था, लेकिन समय के अभाव के कारण मिल नहीं सका। यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है - Situation arising due to hike in excise duty on petrol and diesel raised by the Government of India through notification....(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे सर्वश्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, मल्लिकार्जुन खड़गे से पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में वृद्धि करने की अधिसूचना के बारे में प्रश्नकाल के स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। यह मामला महत्वपूर्ण है, तथापि इसके लिए आज के कार्य में व्यवधान डालना अनिवार्य नहीं है। ये मामले अन्य उपायों के माध्यम से भी उठाए जा सकते हैं। अतः मैं इन स्थगन प्रस्तावों की किसी भी सूचना को अनुमति प्रदान नहीं कर सकती हूं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अन्य सूचना दीजिए। I will allow the discussion during `Zero Hour'.

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: It has gone on record.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: I will allow in `Zero Hour', not now.

… (*Interruptions*)

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे : आप इसे कंवर्ट कर दीजिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप इस मुद्दे को जीरो ऑवर में उठाइए। मैं इस मुद्दे को उठाने के लिए मना नहीं कर रही हूं।

...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव (आज़मगढ़) : महोदया, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।...(व्यवधान) इससे महंगाई बढ़ेगी।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप इस मामले को जीरो ऑवर में उठाइए।

...(व्यवधान)

11.04 hrs

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

HON. SPEAKER: Q. No. 221, Shri C. R. Patil.

(Q. 221)

श्री सी.आर. पाटील : अध्यक्ष जी, इस वर्ष देश में कॉटन का रिकार्ड उत्पादन होने की सम्भावना है, क्योंकि कपास की खेती ज्यादा क्षेत्र में की गई है। दुनियाभर में कपास के दाम गिर रहे हैं और इस वर्ष हमारा एक्सपोर्ट भी 35 परसेंट कम होने की सम्भावना है। यह देखते हुए अभी तक कॉटन कारपोरेशन आफ इंडिया ने गुजरात में कपास खरीदने का काम शुरू नहीं किया है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इसका क्या कारण है? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि कॉटन कारपोरेशन आफ इंडिया गुजरात में अपना केंद्र कब शुरू करेगी?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया): माननीय संसद सदस्य ने किसानों के लिए चिंता व्यक्त की है और पूछा है कि गुजरात में सीसीआई ने अपना केंद्र नहीं खोला है।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदस्य को अवगत कराना चाहता हूं कि गुजरात में सहायक केंद्र 20 दिनों से शुरू हो गया है। गुजरात में 95,04,023 घासड़ी की बेल की खरीदी भी हुई है।

श्री सी.आर. पाटील : अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं कि हमारा देश कॉटन के प्रोडक्शन में किस नंबर पर है? पहले और दूसरे नंबर पर कौन-से देश हैं? प्रेस में यह आया है कि महाराष्ट्र में कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से कहा गया है कि वह प्रत्येक किसान से केवल 25 क्विंटल ही कॉटन खरीदे तो क्या यह बात सच है? क्या इससे किसानों में असंतोष नहीं होगा? क्या गुजरात के किसानों के लिए भी ऐसे निर्देश दिए गए हैं, मैं यह जानना चाहता हूं।

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो यह कहा कि महाराष्ट्र से एक किसान से केवल 25 क्विंटल ही खरीदा जाएगा, ऐसा नहीं है। महाराष्ट्र के अकोला क्षेत्र में 1,21,613 बेल की खरीद हो गयी है और औरंगाबाद में 1,37,081 बेल की खरीद हो गयी है। इसका मतलब टोटल 2,58,694 बेल की महाराष्ट्र में खरीद हो गयी है।

माननीय सदस्य ने दूसरा प्रश्न यह पूछा कि हम किस क्रम पर हैं तो विश्व में कपास उत्पादन में सबसे पहले क्रम पर चीन है। उसका उत्पादन 6.84 मिलियन घन टन है। दूसरे नंबर पर भारत है। उसका उत्पादन 5.82 मिलियन घन टन है।

डॉ. मनोज राजोरिया : महोदया, मंत्री महोदय ने कॉटन उत्पादन के क्षेत्र में देश में बढ़त का जो डेटा दिया है, इस बढ़त में देश में हमारा राजस्थान, जहां से मैं सांसद हूं, के कुछ जिले जैसे हनुमानगढ़, बांसवाड़ा, श्रीगंगानगर, नागौर, पाली इत्यादि में बी.टी. कॉटन का उत्पादन होता है। लेकिन, राजस्थान में आज तक कॉटन रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित नहीं हुआ है।

मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि क्या राजस्थान में कॉटन उत्पादन को बढ़ाने के लिए कॉटन रिसर्च इंस्टीट्यूट स्थापित करने की उनकी कोई योजना है? यदि ऐसा है तो वे कब तक इसे स्थापित करेंगे?

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया : माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो राजस्थान में कॉटन रिसर्च इंस्टीट्यूट खोलने की बात कही, तो राजस्थान में अभी दो सेंटर खुले हैं। एक सेन्टर बांसवाड़ा, उदयपुर में और दूसरा सेन्टर गंगापुर में है। वहां कॉटन का कम खर्च में कैसे अच्छे तरीके से उत्पादन हो, इसके लिए राजस्थान के दो सेन्टर्स में अभी काम हो रहा है।

श्री रवनीत सिंह : मैडम, आज सारी दुनिया में कॉटन के दाम निरंतर गिर रहे हैं और देश में भी हमारे कॉटन के फार्मर्स को बहुत नुकसान हो रहा है तो क्या इसके लिए सरकार या मिनिस्ट्री किसानों को बचाने के लिए वेयरहाउस रिसीट फिनांसिंग सिस्टम लाने के लिए कोई तैयारी कर रही है, जिससे हम किसानों को कोई फाइनैंस दे सकें ताकि वे गोदाम और वेयरहाउसिंग में अपने कॉटन को रख सकें और जब उसके अच्छे रेट्स हो तो उस समय वे अपना कॉटन मंडी में बेच सकें? क्या सेन्ट्रल गवर्नमेंट कोई ऐसी स्कीम लाने जा रही है?

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया : माननीय अध्यक्ष जी, अभी तो गवर्नमेंट ने जो एमएसपी तय किया है, उसी रेट पर अभी कॉटन की खरीद हो रही है। किसानों को कॉटन के अच्छे दाम कैसे मिलें, इसके बारे में सरकार सोच रही है।

SHRI B. VINOD KUMAR : Madam, the hon. Minister in his reply in para (b) and (c) had stated that the prices of cotton in most cotton producing States have declined during the current season, that is, 2014-15 mainly on account of worldwide cotton glut resulting in lower exports. I would like to know from the hon. Minister whether the Ministry of Commerce is taking any remedial measure with regard to exports. Further, the Minister had also stated that the Cotton Corporation of India is purchasing cotton from the farmers while they are in

distress. At present, MSP is Rs.4,050. Is the Government going to increase the price to Rs.5,000? If yes, when?

श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया : अध्यक्ष जी, हमने एम.एस.पी. के बारे में बताया कि अभी एम.एस.पी. 4,050 रूपए है, उसे बढ़ाने की जो बात कही, उसके लिए हम विचार कर रहे हैं कि किसानों को कैसे अच्छा दाम दिया जाए। दूसरा, देश में कॉटन का बहुत प्रोडक्शन होने के बावजूद यहां से एक्सपोर्ट नहीं हो रहा है, इसलिए इसके दाम गिर रहे हैं और सरकार किसानों के लिए चिन्ता कर रही है।

SHRIMATI SUPRIYA SULE : Madam Speaker, NAFED is the agency which does the entire procurement of cotton in the country. NAFED, right now, has a huge financial crunch and the cotton production in Maharashtra and the entire country has been exceptionally good even this year. Is the Government of India looking at paying up Rs. 300 crore which is pending with NAFED since the Cotton Corporation of India is helping the Government of Maharashtra for procurement of cotton? But the MSP has become a huge problem. So, what intervention is the Government is making towards addressing the NAFED issue?

श्री राधा मोहन सिंह : नैफेड महाराष्ट्र में फेडरेशन के माध्यम से खरीद करती थी। अभी महाराष्ट्र के अन्दर जो फेडरेशन है, वह सीधे खरीद कर रही है। पिछली बार नैफेड ने फेडरेशन के माध्यम से 54 क्रय केन्द्र खोले थे और इस बार 64 क्रय केन्द्र खोलकर फेडरेशन अपना यह काम कर रही है।

(Q. 222)

श्री रामा किशोर सिंह : महोदया, जो उत्तर आया है, इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ। आज मिलावट पूरे देश के लिए बहुत गम्भीर चुनौती बन गई है। चाहे दूध में मिलावट हो, चाहे खाद्य पदार्थ में मिलावट हो, चाहे पेय पदार्थ में मिलावट हो, उसके कारण आदमी का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। यह बहुत गम्भीर विषय है। उसके बावजूद भी जो कार्रवाई होनी चाहिए और जो व्यवस्था होनी चाहिए, आज वह हमारे देश में नहीं है।

हम आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं कि क्या सरकार सुप्रीम कोर्ट के हाल के परामर्श के आलोक में खाद्य और पेय पदार्थों में मिलावट को रोकने हेतु कठोर दण्ड यानी आजीवन कारावास की सजा देने का कानून बनाने का कोई विचार है? यदि हाँ, तो कब तक?

श्री राम विलास पासवान : महोदया, जहाँ तक खाद्य पदार्थ का मामला है, यह एफ.एस.एस.ए.आई. के द्वारा डील होता है। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी के माध्यम से हम लोग स्टैंडर्ड तय करते हैं। जैसा कि हमने जवाब में कहा है, हमारे पास तीन साल का आंकड़ा है। यह आँकड़ा हम हेल्थ मिनिस्ट्री के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा लेते है। बी.आई.एस. हमारा है, हमारी मिनिस्ट्री एक सेन्ट्रल एजेंसी नहीं है। अलग-अलग मंत्रालय में अलग-अलग काम होते हैं, मिसलीडिंग एडवरटीजमेंट का काम अलग होता है, खाद्य का अलग होता है। हमारी जानकारी के मुताबिक जो जांच किए गए नमूने वर्ष 2011-2012 में थे, वे 64,593 थे, उसमें 8,247 सही पाए गए। प्रोसीक्यूशन 6,845 हुए और जो सजा हुई, वह 764 में हुई। वर्ष 2012-2013 का भी आंकड़ा है, वर्ष 2013-14 का लेटेस्ट आंकड़ा है कि जो सैंपल जांच किए गए, उनकी संख्या 72,200 थी, उनमें से 13,571 सही पाए गए। प्रोसीक्यूशन 10,235 का हुआ और सजा 3,845 को हई।

श्री रामा किशोर सिंह : महोदया, आज हमारे देश में जांच की एजेंसी एफ.एस.एस.ए.आई. है, उसके अधीन 151 प्रयोगशालायें हैं। इनमें से 68 प्रयोगशालायें एफ.एस.एस.ए.आई. से मान्यता प्राप्त हैं और शेष 83 प्रयोगशालायें एन.ए.बी.एल. द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं हैं। जो आंकड़े मिलावट के सामने आए हैं, उसमें जो दोषी पाए गए हैं, मैं बिहार का ही उदाहरण देता हूं, वहां 251 मामले क्रिमिनल और सिविल कोर्ट में गए हैं। वहां एक केस में भी कोई दोषी सिद्ध नहीं हुआ और कोई पकड़ा नहीं गया। सही ढंग से जांच नहीं होने के कारण ऐसा हुआ। यहां तक कि वहां अधिकारियों की भी कमी है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या देश में मिलावटी खाद्य पदार्थों, पेय पदार्थों की जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला, फूड सेफ्टी ऑफिसर्स की समूचित तैनाती, खाद्य परीक्षण प्रयोगशालाओं का नियमित

आधुनिकीकरण, केन्द्रीय स्तर पर नियमित रूप से मिश्रण का डेटा एकत्र करने और दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु एक प्रभावी तंत्र की स्थापना करेंगे?

श्री राम विलास पासवान : अध्यक्ष महोदया, उन्होंने पहले प्रश्न के 'बी' पार्ट में सजा की बात कही है। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक दो तरह के फूड्स होते हैं - एक अनसेफ फूड और दूसरा खराब क्वालिटी का फूड । जो अनसेफ फूड होते हैं, that does not result in injury जिनसे नुकसान नहीं होता है उसके लिए 6 माह की जेल और 1,00,000 रुपए का जुर्माना है। जो नॉन ग्रिवियस इंज्यूरिज हैं उनके लिए 1 साल की जेल और 3,00,000 रुपए का जुर्माना है, जो ग्रिवियस इंज्यूरिज हैं उनके लिए 6 साल की जेल और 5,00,000 रुपए का जुर्माना है। जो रिजल्ट इन डेथ है, उसमें कम से कम 7 साल की जेल है, आजीवन कारावास और 10,00,000 रुपए का जुर्माना है। जो खराब क्वालिटी का खाना है उसके सबस्टैंडर्ड में 5,00,000 रुपए का जुर्माना है, मिस ब्रांडेड फूड में 3,00,000 रुपए का जुर्माना है, मिसलिडिंग एडवर्टिजमेंट के लिए 10,00,000 रुपए तक का जुर्माना है, food extraneous materials के लिए एक लाख रुपए का जुर्माना है। जो पजैशन ऑफ एडलट्रेंट है उसमें नॉनइंज्यूरियस के लिए 2,00,000 रुपए का जुर्माना है और इंज्यूरियस के लिए 10,00,000 रुपए का जुर्माना है। हमारे पास में फूड टेस्टिंग लेबोरेट्रिज हैं। सेफ्टी स्टेट का मामला है, चूंकि सारा का सारा काम स्टेट के पास है। हमको यह कहने में कोई आपत्ति नहीं है कि स्टेट में इंफ्रास्ट्रक्चर नाम की कोई भी चीज नहीं है। वहां स्टीयरिंग कमेटी, स्टेट फूड सेफ्टी कमिशनर, उसके अधीन कमेटी होनी चाहिए, जिला स्तर पर डेजिगनेटड ऑफिसर्स होने चाहिए, कहीं कुछ नहीं है। इस देश में 125 करोड़ कंज्यूमर्स हैं। राष्ट्रपति जी से लेकर चपरासी तक सब कंज्यूमर्स हैं। सबको कुछ न कुछ खरीदना पड़ता है। इस बात से हम स्वयं संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन सेन्ट्रल गवर्नमेंट के पास कोई अथॉरिटी नही है। उन्होंने एफ.एस.एस.ए.आई के संबंध में कहा है।

हम आपके माध्यम से राज्य सरकार से निवेदन करते हैं कि दूसरे देशों में फूड एडलट्रेशन का मामला बहुत गंभीरता से लिया जाता है, लेकिन हम उसे गंभीरता से नहीं लेते हैं। मैं राज्य सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि जो उसके लिए कानून है, अगर उसमें संशोधन करने की आवश्यकता है तो वे उसमें संशोधन करें। भारत सरकार उसमें हर तरह से सहयोग करने के लिए तैयार है। उसके लिए कड़ी से कड़ी सजा की ही व्यवस्था न की जाए, जो लोग भी उसमें दोषी पाए जाएं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। हमारे पास में सजा का प्रावधान है। हम पिछले 10 दिनों से जानकारी मांग रहे हैं कि कितने लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई हुई है, कोई रिपोर्ट नहीं आ रही है।

PROF. K.V. THOMAS : Madam Speaker, we have two very effective legislations for food safety and standards. But the implementation of these Acts is done by State Governments. Even though the Government of India has enacted these two legislations, my request to the hon. Minister is that we should intervene with State Governments so that these laws are effectively implemented and there should be effective awareness campaigns so that consumers know what their right is.

श्री राम विलास पासवान : अध्यक्ष महोदया, जैसा मैंने पहले कहा है कि फूड एडलट्रेशन ऐक्ट 1954 के मुताबिक चलता था। वर्ष 2006 में फूड सेफ्टी एण्ड स्टैंडर्ड ऐक्ट बना उसके अधीन वर्ष 2011 में रूल्स एण्ड रेगुलैशंस बने, उसी के अंदर अथॉरिटी भी बनाया गया है। माननीय सदस्य, जो पहले मंत्री भी थे, ने कहा है तो उसमें दिक्कत यह है कि यह मामला हेल्थ मिनिस्ट्री से संबंधित है। हम लोगों ने एक इंटरमिनिस्ट्रियल कमेटी बनायी है उसमें किसी भी डिपार्टमेंट का मामला हो, कम से कम उसमें कार्रवाई होनी चाहिए। एक डिपार्टमेंट का मामला दूसरे डिपार्टमेंट पर नही छोड़ कर, कोऑर्डिनेटेड वे में होना चाहिए, उसके लिए हम स्वयं प्रयत्नशील हैं। अगर आवश्यकता होगी तो अपने हेल्थ मिनिस्टर से कहेंगे कि राज्यों के हेल्थ मिनिस्टर्स के साथ बैठक बुलायें और वह देखें कि कैसे उस कानून को मजबूत किया जा सकता है, उन पर कैसे कार्रवाई की जा सकती है।

श्री शरद त्रिपाठी : अध्यक्ष महोदया, प्रश्न संख्या 222 के कॉलम 'ख' के अंतर्गत, जो खाद्य पदार्थों के संबंध में है, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के लिए जो भी पेय पदार्थ या खाद्य पदार्थ बहुत दिनों तक रखे जाते हैं, उनके प्रिजर्वेशन के लिए अब तक सोडियम बाय कार्बोनेट का प्रयोग होता आ रहा है। आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा भी प्रिजर्वेशन की व्यवस्था है। मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या मंत्री जी स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय बनाकर भारतीय पद्धति, आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा प्रिजर्वेशन की व्यवस्था के लिए कोई नीति निर्धारण करने का कष्ट करेंगे?

श्री राम विलास पासवान : अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जो सुझाव दिया है, उसे हम पास आन कर देंगे।...(व्यवधान) रामा किशोर सिंह जी ने बिहार के संबंध में एक सवाल पूछा था, यह दुख की बात है कि बिहार में न ही अभी तक स्टियरिंग कमेटी बनी है और न ही मामले पर विचार करने के लिए कोई ट्राइबुनल है।

श्री सुल्तान अहमद : अध्यक्ष महोदया, फूड एडल्ट्रेशन और विजाल के मामले में मंत्री महोदय ने कहा कि सूबे या राज्यों के हाथ में क्षमता दी गई है और केन्द्र सरकार भी फूड लेबोरेटरी के तहत यह काम करती है। उन्होंने कहा कि विदेश में विजाल के खिलाफ जबरदस्त कानून है, वहां एक्शन होता है, लेकिन हमारे देश में नहीं होता। दो लाख रुपये से लेकर दस लाख रुपये तक फाइन, लेकिन चाहे तेल में हो, दूध में हो या खाने की चीजों में हो, विजाल पाया जाता है। क्या सरकार सोच रही है कि कुछ ऐग्ज़ैमप्लरी पनिशमैंट, कड़ी से कड़ी सजा के लिए कोई कानून बनाया जाए जिससे विजाल को रोका जा सके? इसका अफैक्ट, मंत्री महोदय कह रहे हैं कि हैल्थ मिनिस्ट्री, फूड प्रोसैसिंग, लेकिन देश के 125 करोड़ कनज्यूमर्स को एडल्ट्रेशन से कैसे सुरक्षा दे सकते हैं? क्या आप ऐसे किसी कानून के बारे में सोच रहे हैं?

श्री राम विलास पासवान : अध्यक्षा जी, जैसे मैंने कहा एक लाख रुपये से लेकर आजीवन कारावास तक भी सजा है। लेकिन मैं पार्लियामैंट में एक चीज बार-बार कहता हूं कि एक्ट अलग है, फैक्ट अलग है और टैक्ट भी अलग है। इसलिए कानून में कोई कमी नहीं है, कानून को कैसे कार्यान्वित किया जाए, इसकी जवाबदेही केन्द्र सरकार के पास नहीं है, राज्य सरकार के पास है। हमारा फैडरल स्ट्रक्चर है। उसमें हम इससे ज्यादा नहीं जा सकते।

(Q. 223)

श्रीमती नीलम सोनकर : अध्यक्ष महोदया, हमारे उत्तर प्रदेश के लखनऊ के दशहरी और बनारस के लंगड़ा आम विश्व प्रसिद्ध हैं। इनकी मिठास दुनिया के अन्य किसी आमों में नहीं पाई जाती। क्या माननीय कृषि मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि इन दोनों आमों के उत्पादन को बढ़ाने और इनके संरक्षण के लिए कोई नीति बनाई गई है?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. संजीव बालियान) : अध्यक्ष महोदया, सबसे बड़ी बात है कि उत्पादन की कमी नहीं है। पिछले कुछ वर्षों से लगातार आम के एक्सपोर्ट की समस्या रही है। बीस कंट्रीज़ ऐसी हैं जिनमें आम नहीं जा पा रहा था। उनमें लगातार बात चल रही है कि आम का एक्सपोर्ट बढ़ाया जाए। इसके अलावा कुछ कंट्रीज़ हैं जिनमें आम का एक्सपोर्ट जारी है। सरकार की तरफ से उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास होते रहते हैं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ऐसा भी है कि पहले वे आम खिलाएं।

...(व्यवधान)

डॉ. संजीव बालियान : बारहवीं पंचवर्षीय योजना में सरकार का ध्यान मेनली उत्पादकता बढ़ाने के ऊपर है। इसके लिए अच्छी वैरायटी के बीज, पुराने बाग-बगीचों का पुनरुद्धार और उन्हें बचाने के लिए अच्छी किस्म की दवाईयां, इन पर लगातार रिसर्च चलती रहती है और प्रयास जारी है।

श्रीमती नीलम सोनकर : अध्यक्ष महोदया, देश के फल उत्पादक किसानों के जीवन बीमा और फलों के बीमा के लिए क्या सरकार ने कोई नीति बनाई है? क्योंकि हमारे देश में फल उत्पादक किसान सूखा, बाढ़ और ठंड से हर साल प्रभावित होता है, यहां तक कि आत्महत्या कर लेता है, इसके लिए अगर कोई योजना हो तो, बताएं?

डॉ. संजीव बालियान : अध्यक्ष महोदया, पूर्व में ही मौसम आधारित कृषि बीमा योजना देश में लागू है, उसी के आधार पर चाहे फसल हो, चाहे बागवानी हो, उनका बीमा कराया जा सकता है। जहां तक बात माननीय सदस्य पूछा है कि क्या बागवानी करने वाले किसानों के लिए भी कोई योजना है, बागवानी के क्षेत्र में जो किसान काम कर रहे हैं उनके लिए कोई अलग से कोई बीमा योजना सरकार द्वारा शुरू नहीं की गई है।

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN : Madam Speaker, we are extremely happy to note that India is the largest producer of fruits in the world. The fruits, especially, mangoes and bananas from India are favourite ones in the international market. But it has been distressing to note that huge consignments of Indian fruits, which have been exported to European countries, have been rejected owing to the presence of pesticides and insecticides. Under these circumstances, I would like to know from the hon. Minister as to what stringent measures have been taken by the Government to see that the presence of pesticides and insecticides is being removed from these fruits. I would also like to know as to whether the ICAR is looking seriously into the matter.

डॉ. संजीव बालियान : अध्यक्ष महोदया, कृषि उत्पाद के निर्यात के प्रोत्साहन के लिए विदेशी बाजार विशेष रूप से यूरोपीयन यूनियन की तरफ से समस्याएं थीं, हमारे देश से जो यूरोप में फल जाते हैं, उनको सुनिश्चित करने के लिए पादप स्वच्छता संबंधी तकनीकी दस्तावेज उन देशों को उपलब्ध कराए गए हैं। निर्यात होने वाले कृषि उत्पादों, कीटों, व्याधियों आदि से मुक्त रखने के लिए उनकी कड़ी जांच और प्रमाणन की व्यवस्था की गई है। यूरोपीय देशों को भेजे जाने वाले कृषि उत्पादों के लिए एक विशेष स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोसिजर तैयार किया गया है ताकि उन देशों के जो मापदंड हैं उसके अनुरूप ही निर्यात हो जिससे नो कम्पलाएंस जिससे हमारे उत्पादों का होता है वह न हो, इसके साथ साथ एपिडा द्वारा जो एजेंसी है मिनिस्ट्री ऑफ कामर्स में जो कृषि उत्पादों के इंपोर्ट और एक्सपोर्ट को देखती है उसके द्वारा लगातार कुछ चीजों पर काम किया जा रहा है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर एपिडा ध्यान दे रहा है। जिसमें छंटाई, ग्रेडिंग सुविधाएं, पैक हाऊस, कचरा उपचार का प्लांट, वॉटर सेफ्टी मेजर्स, फ्यूमिगेशन है, दूसरा मार्केट डेवलपमेंट का काम है क्योंकि जब तक मार्केट डेवलपमेंट नहीं होगा, तब तक एक्सपोर्ट के लिए नहीं जा सकते, उसमें पैकेजिंग किस तरह की हो, जो विदेश में एक्सपोर्ट किए जा रहे हैं वह किस तरह की हो, तीसरी चीज क्वालिटी डेवलपमेंट की है, प्रयोगशाला इस तरह की बनाई जा रही है जिसमें गुणवत्ता संबंधी जांच हो सके। हम लगातार एपिडा की तरफ से ट्रांसपोर्ट असिंसटेंस भी दे रहे हैं।

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN : Madam Speaker, I am sorry, I am not satisfied with the answer given by the hon. Minister. I would like to know whether the ICAR is looking seriously into the matter.

श्री राधा मोहन सिंह : माननीय सदस्य ने निश्चित रूप से आम के संबंध में पूछा था, उसके निर्यात पर अभी रोक है, यह रोक कुछ वर्षों से चल रही है। हमारे मंत्री जी ने भी बताया है कि कुछ कीड़ों के प्रकोप के कारण इसे रोका गया था, कई वर्ष पहले रोका गया था, मैं अगले दो-तीन महीने के अंदर उससे मुक्ति दिलाने वाला हूं, उस दिशा में हमारा तेजी से प्रयास चल रहा है और शीघ्र हम आम का निर्यात करेंगे।

SHRI V. ELUMALAI : Madam Speaker, the import of mangoes was banned by the European Union in May last. What action has the Government taken to solve this issue? I would like to know whether the export of mangoes will begin again. Has the Government given any compensation to the affected mango merchants?

डॉ. संजीव बालियान : इस प्रश्न का उत्तर दिया जा चुका है, पहले भी मैंने बताया था कि यूरोपीयन यूनियन के साथ जो समस्याएं हैं उन्हें दूर करने के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से प्रयास किए जा रहे हैं। जहां तक निर्यात रुकने के कारण नुकसान का सवाल है, उस पर कम्पनसेशन का विचार सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है।

SHRI SIRAJUDDIN AJMAL : Respected Madam, in a developing country like ours, where lion's share of the population are farmers, it has been seen that from the day of Independence till today, no visionary planning has been done as far as the farmers' most vital factor affecting their economy, that is, sustainable system of marketing, is concerned.

It has also been seen in my Constituency Barpeta and also Mankachar that vegetables and jute have been thrown on the streets by the farmers. Now, I would request the hon. Minister to kindly inform the House whether any long-term planning is being done so that these farmers can sell their produce in the open market very easily and do not have to throw vegetables on the road.

डॉ. संजीव बालियान : माननीय अध्यक्ष महोदया, केन्द्र सरकार द्वारा लगातार प्रदेश सरकारों को ए.पी.एम.सी. एक्ट में संशोधन करने के लिए लिखा गया है, जिससे किसान अपना उत्पाद कहीं भी, बिना किसी रुकावट के बेच सके। इसमें करीब 12 प्रदेश सरकारों की तरफ से सहमति आ चुकी है और उन्हें मंडी सुदृढ़ीकरण के लिए निर्देश भी जारी किये जा चुके हैं। कृषि मंत्रालय ने एक पहल यह की है कि एक मंडी दिल्ली में ही स्थापित की जा रही है, जिसमें फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन्स को स्थान एलॉट किये जायेंगे। इसमें कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। मंडी में ही कोल्ड स्टोरेज और वेयरहाउसेज की व्यवस्था की

जायेगी, जिनमें उन्हें स्थान एलॉट किये जायेंगे। केन्द्र सरकार की तरफ से लगातार यह प्रयास हो रहा है कि सब प्रदेश सरकारें इसमें सहयोग करें और ए.पी.एम.सी. एक्ट में संशोधन करें, जिससे किसान कहीं भी अपना उत्पाद बिना किसी कठिनाई के बेच सके। केन्द्र सरकार द्वारा लगातार ये प्रयास किये जा रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : श्री वीरेन्द्र कश्यप।

मंत्री जी, आपने मैंगो की बात सुनी, अब एप्पल की बात सुनिये।

श्री वीरेन्द्र कश्यप : अध्यक्ष महोदया, देश में सेब के उत्पादन में जम्मू-कश्मीर नम्बर वन है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में भी सेब काफी पैदा किया जाता है। हम कुछ वर्षों से देख रहे हैं कि बाहर से सेब बहुत आयात हो रहा है, जिसकी वजह से हिन्दुस्तान का सेब उत्पादक बहुत परेशानी में है। अटल जी की सरकार के समय सेब उत्पादकों को कम्पैनसेट करने के लिए इम्पोर्ट ड्यूटी को बढ़ाकर 50 परसेंट किया गया था। पिछले कुछ वर्षों से यू.पी.ए. सरकार में लगातार इम्पोर्ट ड्यूटी घटा दी गयी थी।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि आने वाले दिनों में एप्पल प्रोड्यूर्स को सहायता देने के लिए क्या सरकार के पास इम्पोर्ट ड्यूटी को सौ प्रतिशत करने की कोई योजना है?

डॉ. संजीव बालियान : अध्यक्ष महोदया, यह सही है कि कुछ फल ही हम विदेशों से आयात करते हैं, जिनमें मुख्य रूप से सेब, काजू आदि हैं। पिछले कुछ दिनों से, चाहे जम्मू-कश्मीर हो या हिमाचल प्रदेश हो, सबसे ज्यादा काम स्टोरेज फैसीलिटीज, रीफर वेन्स या पैक हाउसेज में हुआ है, वह सेब के मामले में हुआ है, जिसकी वजह से सेब का इम्पोर्ट कुछ कम हुआ है। अभी सेब पर 35 परसेंट इम्पोर्ट ड्यूटी है। अभी तक सरकार की तरफ से ऐसी कोई योजना नहीं है कि इम्पोर्ट ड्यूटी को बढ़ाया जाये। आज की डेट में 35 परसेंट इम्पोर्ट ड्यूटी सेब के ऊपर मौजूद है।

श्री एस.एस.अहलुवालिया : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि देश में पाइनएप्पल का सबसे ज्यादा उत्पादन पश्चिम बंगाल में होता है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि वहां पर उसकी कोई भी फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री नहीं है, जिस कारण फार्मर्स का एक्सप्लायटेशन बहुत ज्यादा होता है। वहां पर दूसरा उत्पादन संतरे का होता है, जो दार्जिलिंग में होता है। दार्जिलिंग क्षेत्र नेपाल, भूटान और बंगलादेश से जुड़ा हुआ है। वहां से संतरा नेपाल को निर्यात होता है। बंगलादेश ने अपनी कस्टम ड्यूटी में दार्जिलिंग का संतरा, मतलब यदि वहां भारत का संतरा इम्पोर्ट होता है, तो उस पर कस्टम ड्यूटी लगा दी है जबकि भूटान का संतरा ड्यूटी फ्री रखा है। इस कारण हमारे दार्जिलिंग के किसानों को बहुत तकलीफ होती है।

मैं मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या मंत्रालय दूसरे विभागों से चर्चा करके वहां के किसानों की रक्षा करने के लिए कोई उपाय ढूंढेगा?

डॉ. संजीव बालियान : अध्यक्ष महोदया, यह बात सच है कि कुछ फैसिलिटीज नार्थ ईस्ट में कम हैं चाहे वे प्रोसेसिंग की हों या स्टोरेज की हों। इस बारे में कृषि मंत्रालय और फूड प्रोसेसिंग मिनिस्ट्री द्वारा कई स्कीम्स जारी की गयी हैं, लेकिन उनमें अभी उतना काम नहीं हुआ, जितना सांसद महोदय ने बताया है। सरकार का मूलभूत सुविधाओं पर लगातार ध्यान है, चाहे वह स्टोरेज हो या प्रोसेसिंग हो, क्योंकि माननीय सदस्य को मालूम है कि वहां पर ट्रांसपोटेशन खर्च बहुत आता है। जब तक प्रोसैस नहीं होगा, तब तक फल खराब हो जायेगा। ...(व्यवधान) आप पश्चिम बंगाल के बारे में कह रहे हैं। यह ठीक है कि देश में इन चीजों की कमी है, लेकिन इन पर लगातार काम चल रहा है। दोनों मिनिस्ट्रीज मिलकर इस पर काम कर रही हैं। ...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : बांग्लादेश जो जा रहे हैं, उसके बारे में बताएं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इसके बारे में बात कर लेंगे।

...(व्यवधान)

श्री राधा मोहन सिंह : इस बारे में संबंधित लोगों से चर्चा कर लेंगे।

(Q. 224)

श्री राघव लखनपाल : माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन के समक्ष एक ऐसा विषय रखना चाहता हूं जिसके बारे में शायद इससे पहले भी सदन में चर्चा हुई है। हम सब जानते हैं कि ओलम्पिक, कॉमन वैल्थ या एशियाड खेल होते हैं, तो भारत की जनसंख्या के अनुपात के हिसाब से मैडल टैली में हम बहुत नीचे का स्थान पाते हैं। हमें शर्म भी आती है कि हमारे देश के किसी शहर से छोटे देश ज्यादा मैडल पाते हैं। पिछली सरकार की नीति कहीं न कहीं खेल को लेकर गलत रही है या मानिटरिंग मैकेनिज्म की कमी रही है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से प्रश्न है कि क्या नई सरकार कोई ऐसा मानिटरिंग मैकेनिज्म बनाने का विचार कर रही है जिससे जूनियर, मिडल या सीनियर लैवल पर स्कूलों और कॉलेजों में खेलों को प्रोत्साहन दिया जाए? इसके साथ यह भी देखा जाए कि जो बजट खेलों के लिए एलोकेट हो रहे हैं, क्या उसका खर्च सही तरीके से हो रहा है?

SHRI SARBANANDA SONOWAL: Madam, the hon. Member has brought a very, very important question to his House. This is a very serious matter for all of us. As you know, sports is a State subject and to promote sports and its development, both the State and the Centre must go hand-in-hand. In this regard, whatever policy that has been framed, is aimed to promote and develop sports in the country. Particularly, our hon. Prime Minister has given a lot of emphasis for the promotion of sports in the country. That is why, in the last Budget there was an additional allocation of resources.

As you know, particularly to target medals in the international events, we have to prepare from the grassroots, that is, from the school level. At the same time, now-a-days sports science and sports medicine have become an integral part of the entire exercise. That is why, physical fitness is very essential for all the school children to develop their ability in different disciplines of sports.

As you know, the subject of sports in school comes under the domain of the Ministry of Human Resource Development. We have been working with them to closely integrate sports and physical education with school education. From our side, SAI has always been conducting sports talent contest at different levels. Even

through our Rajiv Gandhi Khel Abhiyan we conduct rural sports, woman sports, backward region sports and North-Eastern Region sports. Also, of late, we have included one more scheme, that is called Himalayan Region Sports. These are aimed to cater to our school children for a better tomorrow.

I would like to inform the hon. Member of Parliament that this Government has decided to launch a new scheme in the next year, that is, National Sports Talent Search Scheme for children between the age of 8 and 12. This particular talent search scheme will be conducted at the block and district levels in every State. After completion of this particular test, a number of talented school going children will be selected and groomed accordingly. At the State level, junior sports academies and sport hostels equipped with better training facilities and better exposure will also be started for them. This is the target we have fixed for the future sports in India.

श्री राघव लखनपाल : माननीय अध्यक्ष महोदया, हमारे देश में ग्रामीण स्तर पर, ब्लॉक लेवल पर या जो बड़ी जनसंख्या वाले गांव हैं, वहाँ स्पोर्ट्स सेन्टर्स खोलने के लिए या जो स्पोर्ट्स से संबंधित फैसिलिटीज हैं, जैसे मेरे लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर में हर वर्ष कबड्डी की एक बहुत प्रतियोगिता होती है, उसमें विभिन्न क्षेत्रों से लोग आते हैं। लेकिन वहाँ के जो खिलाड़ी हैं, वे अपने आप ही किसी तरह से पैसा इकट्ठा करके या चन्दा करके उसका आयोजन करते हैं। सरकारों की तरफ से उनको कोई आर्थिक सहायता नहीं मिलती है। मेरा यह कहना है कि ग्राम स्तर पर हमारे देश में प्रतिभा की कमी नहीं है, उस प्रतिभा को और उभारने के लिए सरकार कोई विशेष योजना तैयार करेगी?

SHRI SARBANANDA SONOWAL: Madam, we have a scheme, that is, Rural Sports Competitions. We give financial assistance to the States and the Union Territories. At block level we give Rs.1 lakh per block, at district level Rs.4 lakh per district, at State level Rs.2 lakh per district and at national level Rs.10 lakh per discipline. This is mainly to groom talent in the countryside.

I would like to make a sensible request to the hon. Members of this august House to help these four competitions to grow and develop, namely, Rural Sports Competitions, Woman Sports Competitions, North East Games and Sports Competition for Left Wing Extremism affected areas. If we could organize these competitions perfectly, then definitely our talents in villages will get a chance to prosper distinctly.

HON. SPEAKER: Shri J.C. Divakar Reddy – Not present.

Shrimati Ranjeet Ranjan.

श्रीमती रंजीत रंजन : माननीय अध्यक्ष महोदया, मंत्री जी खुद भी खिलाड़ी हैं, हम लोग पूर्व में क्रिकेट भी खेलते थे। आपने उत्तर में जो आर.जी.के. स्कीम का ब्यौरा दिया है, ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों का विकास, ग्रामीण विकास मंत्रालय के महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत किया जाएगा। लेकिन हम लोगों को सुनने में आ रहा है कि अभी साढ़े चार सौ जिलों में चल रही मनरेगा योजना को आप दो सौ जिलों में करना चाह रहे हैं। पंचायतों और ब्लॉक्स में जो पहले से राजीव गांधी खेल प्राधिकरण के तहत चल रहा था तो आपने जो उत्तर दिया और जो लिखित रूप में है, उसमें बहुत अंतर है। जैसा कि माननीय सांसद कह रहे थे कि गांव लेवल पर आप किस प्रकार से डेवलप करेंगे। आपने उसका उत्तर दे दिया, लेकिन जो लिखित में है- ग्रामीण स्तर पर खेल मैदानों का विकास, ग्रामीण व मनरेगा स्कीम के अंतर्गत शुरू किया जाना था क्योंकि एम.जी.आर.वाई. अधिनियम का प्रमुख हिस्सा केवल श्रम विकास के लिए था, इसलिए मंत्रालय ने अधिक बजट के साथ ब्लॉक लेवल पर खेल के अवसंरचना के विकास पर ध्यान दिया। अब आपने पाँच लाख से 1.6 लाख कर दिया। मैं आपसे पूछना चाहती हूं कि कितने ब्लॉक्स और पंचायतों में यह स्कीम पहले से चल रही थी, कितने ब्लॉक्स और पंचायतों में अभी तक इसका लाभ हुआ है। आप छः महीने का ही बता दें, क्योंकि मनरेगा का मई महीने से ही पेमेंट नहीं हुआ है। स्कीम थी कि पंचायतों में खेल का मैदान देंगे, ब्लॉक में स्टेडियम देंगे और बच्चों का भत्ता जो ब्लॉक लेवल पर मात्र पाँच हजार रुपए का है, उसकी राशि बढ़ाएंगे। एक व्यक्ति व बच्चे का भत्ता दो सौ साठ रुपए है, उसमें उसका किराया भी है, यह जो मिनिमम रिक्वायर्ड राशि है, क्या आप इसे और बढ़ाएंगे? माननीय सांसद जो पूछ रहे थे, क्या इसके इम्प्लीमेंटेशन में करप्शन घटेगी ताकि बच्चे की प्रतिभा आगे आ सके।

SHRI SARBANANDA SONOWAL : Madam, I would like to let the hon. Member know that the Rajiv Gandhi Khel Abhiyan (RGKA) has started from this year. Till February, it was PYKKA and later on PYKKA was replaced by RGKA. So, through this scheme, we will definitely reach to all the blocks in the country, and the Gram Panchayats will also develop playgrounds for all children to play.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : धन्यवाद अध्यक्ष महोदया। खेलों के बारे में बड़ा महत्वपूर्ण प्रश्न आज यहां रखा गया है। मुझे लगता है कि आज भी भारत में बहुत कम ऐसे परिवार होंगे जो सोचते होंगे कि उनके बच्चों का भविष्य खेलों में है। खेलों के माध्यम से रोजगार नहीं मिलता है, अच्छे खिलाड़ी होने के बावजूद भी उन लोगों को नौकरी नहीं मिल पाती है, एक बड़ी समस्या यह है। दूसरे, जब कोई व्यक्ति खेलना शुरू करता है, तब आधारभूत ढांचा अच्छा नहीं होता और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर कम पैसा खर्च होता है। दुनियाभर के देशों में ज्यादा से ज्यादा पैसा रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर खर्च किया जाता है कि खिलाड़ियों की क्षमता को कैसे अच्छा बनाना है, जिससे वे ज्यादा से ज्यादा मेडल्स जीतें। वहां क्वांटिटी के साथ-साथ क्वालिटी पर काम किया जाता है। लेकिन कई वर्षों से भारत सरकार ने ऐसा कोई प्रोग्राम नहीं चलाया जिससे मेडल्स जीतने के लिए ज्यादा प्रयास किए जाएं। मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या यह सरकार ऐसा करने जा रही है जिससे वर्ष 2016 और 2020 के ओलम्पिक्स में हम ज्यादा से ज्यादा मेडल्स जीतें, इसके बारे में सरकार की क्या योजना है?

SHRI SARBANANDA SONOWAL : Madam, we have constituted a Committee called the Target Olympic Podium (TOP). This Committee comprises many veteran players of the country who have brought so many laurels to the country from international events. So, this Committee will select elite athletes, a minimum of 150, and this group of athletes will be groomed and they will be given all possible support by our Government so that they can bring medals from the Olympics.

DR. MRIGANKA MAHATO : Respected Madam, it has been found that different sports are popular in different parts of India like football is popular in Bengal, North-East and Goa, and archery and athletics is popular in Jharkhand and several other States. So, my request to the Central Government is that the Central Government should concentrate on specific sports; target specific areas; and set-up

sports academies so that those sports can be developed in that area and grooming can be done properly.

SHRI SARBANANDA SONOWAL : Yes, I do agree with you, and for your information, we are going to start so many academies in the coming years so that we could facilitate our sportspersons to have better training facilities.

श्री मोहम्मद सलीम : मैडम, कई प्रश्नों के जवाब आए हैं, लेकिन करीब दो दशक पहले जब संसद की पहली एचआरडी संसदीय समिति बनी थी, उसने खेल-कूद के बारे में सरकार को कुछ मशविरा दिया था। उसके बाद कई सरकारें आईं, कई खेल मंत्री आए, उस रिपोर्ट को खेल-खेल में लिया गया, सीरियसली नहीं लिया गया और आज भी वही बात हो रही है। मंत्री जी स्वयं पूर्वोत्तर भारत से आते हैं। आज बड़े शहरों के बजाय छोटे-मझोले शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से टैलेंट खेल के मैदान में आ रहा है, लेकिन हम इवेंट्स के ऊपर जोर देते हैं जैसे कॉमनवेल्थ गेम्स। सरकार उसके लिए पैसे देती हैं, खर्च होते हैं, स्पाँसरशिप आती है, उसमें कई लोग जेल में जाते हैं, कई लोग बेल पर रहते हैं, कई लोग खेल में रहते हैं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सलीम जी, प्रश्न पूछिए। आप खेल-खेल में बहुत कुछ कह रहे हैं।

...(व्यवधान)

श्री मोहम्मद सलीम : जो बेल पर हैं, मैं उनकी बात कर रहा हूं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप अपना प्रश्न पूछिए।

श्री मोहम्मद सलीम : मैं स्पष्ट कह रहा हूं। ग्रामीण क्षेत्र में सब-डिवीजन लेवल और तालुका लेवल पर अगर आप स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं बनाएंगे, कई स्कीम्स हैं, वे खेलना चाहते हैं और इसके लिए उनको शहरों में आना पड़ता है। आजकल प्राइवेट एकेडेमीज आ रही हैं। उस टेलेंट को क्या आप ज्यादा स्कॉलरशिप देंगे, जिससे उन्हें ज्यादा खुराक मिले, यातायात और रहने की सुविधा मिले। लोग सांसदों के पास आते हैं कि हमारे पास ट्रेन का किराया नहीं है, हम कैम्प में जा नहीं सकते हैं। इसलिए ये स्कॉलरशिप, स्टाइपेंड जो जिला लेवल के टेलेंटेड युवा हैं उन्हें सीधा-सीधा देंगे या नहीं?

SHRI SARBANANDA SONOWAL: Madam, this is a very, very important suggestion which the hon. Member has given. For the talented sportspersons, the Government will definitely try to find some way to help them out.

श्रीमती संतोष अहलावत : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी को कहना चाहती हूं कि ग्रामीण क्षेत्र में खेल के सुदृढ़ मैदान नहीं हैं। क्या ग्रामीण क्षेत्र में लुप्त होते हमारे परम्परागत खेलों के संवर्धन के लिए भी मंत्री जी कोई योजना बनाना चाहते हैं?

SHRI SARBANANDA SONOWAL: Madam, as I have already said, through Rajiv Gandhi Khel Abhiyan, we will develop playfields at *Gram Panchayat* levels which could accommodate our boys and girls in the villages. The target is to reach the villages. We have got so many villages in the country. Our Ministry's target will be to reach the remotest villages so that we could detect talented sportspersons, bring them on to the right platform and give them the best possible facilities to play for India in the future.

श्री वीरेन्द्र सिंह : अध्यक्ष महोदया, खेल के सवाल का समाधान, केवल प्रश्न-उत्तर से होने वाला नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : आप इस पर चर्चा मांग लीजिए।

श्री वीरेन्द्र सिंह : मैं आपसे निवेदन कर रहा हूं कि देश की संसद इस पर ईमानदारी से चर्चा करे और एक खेल नीति बने। मैं आपके माध्यम से इस सवाल पर ही एक सवाल करना चाहता हूं। मैं कुश्ती का खिलाड़ी रहा हूं और मैं जानता हूं कि कुश्ती के खिलाड़ियों को क्या-क्या दिक्कतें रही हैं, कितनी परेशानियों से उन्हें गुजरना पड़ता है। यह कोई राजनीति का सवाल नहीं है, यह सवाल देश की मर्यादा का है। पहले तो यही तय नहीं हो पाता है कि मैडल किस खेल से मिलता है।

अध्यक्ष महोदया, क्रिकेट के खिलाड़ियों का मैं विरोध नहीं कर रहा हूं लेकिन लगता है कि क्रिकेट के खिलाड़ी को ब्रह्मा खुद बनाते हैं और ग्रामीण खेल के खिलाड़ियों को उसके कारिंदे बनाते हैं। हम लोग कुश्ती के खिलाड़ी हैं, माननीय मुलायम सिंह जी कुश्ती के खिलाड़ी हैं, हमारे गृह मंत्री जी बैठे हैं वह भी कुश्ती के खिलाड़ी रहे हैं। ये लोग जानते हैं कि ग्रामीण खेलों में केवल खिलाड़ी पैदा नहीं होते हैं, समाज में समरसता और समाज को सुदृढ़ करने की शक्ति उन खेलों के मैदानों में होती है।

माननीय अध्यक्ष : आप या तो प्रश्न पूछिये या फिर आधे घंटे की चर्चा मांगिये।

श्री वीरेन्द्र सिंह : मैं आपसे आधे घंटे की चर्चा मांग रहा हूं।

माननीय अध्यक्ष : लिखित में दीजिएगा।

...(व्यवधान)

एक माननीय सदस्य : मैडम, सरिता देवी बॉक्सर के बारे में पूछना चाहता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मैं सबकी भावना समझ रही हूं। आप भारतीय खेलों के बारे में लिखित में चर्चा मांग लीजिएगा, हम दे देंगे।

(Q. 225)

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु : अध्यक्ष महोदया, भारत सरकार को गन्ने के हर खेत के एक-एक एकड़ से 20 हजार रुपये से 25 हजार रुपये की आमदनी टैक्स के रूप में मिलती है। हमारे देश में लगभग 640 शुगर इंडस्ट्रीज हैं और उनमें से पिछले साल 570 ही चली हैं। उनकी परिस्थिति देखें, तो केवल 20 इंडस्ट्रीज ही प्रौफिट में हैं। महोदया, एक अप्रैल तक 14 हजार करोड़ रुपये की किसानों की पेमेंट उन पर पैंडिंग है। इसे ध्यान में रखते हुए मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि हर शुगर इंडस्ट्री में शुगर-वेस्ट प्रोड्यूस होता है। क्या हम उस वेस्ट के ज़रिए रिन्यूबल एनर्जी प्रोड्यूस करना मेन्डेटरी कर सकते हैं? मेरा इसके साथ छोटा सा सजेशन भी है कि इससे हम रिन्यूबल एनर्जी को प्रोमोट करेंगे। यदि हम किसानों को सरकार की तरफ से दें तो वह किसानों और इंडस्ट्री को मदद देने वाला होगा। मैं जानना चाहता हूं कि सरकार इस बारे में क्या विचार कर रही है?

शहरी विकास मंत्री, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री एम. वैंकैय्या नायडू) : महोदया, पूरे सदन को एप्रीशिएट करना चाहिए कि आंध्र प्रदेश से एक यंग सांसद इतनी अच्छी हिन्दी बोल रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : यह बहुत अच्छी बात है।

श्री राम विलास पासवान : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने बकाया के बारे में जो प्रश्न किया था उसके बारे में मैं बताना चाहता हूं कि वर्ष 2013-2014 में किसानों के कुल-मिलाकर 58,269 करोड़ रुपये बनते थे। इसमें से 54,621 करोड़ रुपये की पेमेंट हो चुकी है। अब सिर्फ 3,648 करोड़ रुपये ही बकाया बचे हैं। जिसमें से उत्तर प्रदेश का बकाया 1,157 करोड़ रुपये है। कर्नाटक का बकाया 1,725 करोड़ रुपये बकाया है। हमारे पास सभी राज्यों के बकाया का आंकड़ा है। महाराष्ट्र का 40.13 करोड़ रुपये बकाया है। मैं सभी राज्यों का बकाया बता देता हूं, तमिलनाडु का 363 करोड़ रुपये, बिहार का 98 करोड़ रुपये, उत्तराखण्ड का 199 करोड़ रुपये, गुजरात का 2.26 करोड़ रुपये, आंध्र प्रदेश का 36 करोड़ रुपये, तेलंगाना का जीरो, मध्य प्रदेश का जीरो, पुड्डुचेरी का 15 करोड़ रुपये, ओडिशा का जीरो, पश्चिम बंगाल का 4.92 करोड़ रुपये, पंजाब का जीरो, हरियाणा का जीरो, गोवा का जीरो और छत्तीसगढ़ का जीरो बकाया है।...(व्यवधान) उत्तर प्रदेश में जिनके ऊपर बकाया है, उनमें बजाज मिल के पास 224 करोड़ रुपये, मोदी मिल के पास 299 करोड़ रुपये, मवाना के पास 364 करोड़ रुपये और सम्भावली के पास 155 करोड़ रुपये हैं।

जहां तक सरकार का प्रश्न है, सरकार दोनों के लिए चिंतित है। हम मिल मालिक के लिए भी चिंतित हैं और किसानों के लिए भी उतना ही चिंतित हैं। इस संबंध में जब मामला आया, उस समय उत्तर प्रदेश की समस्या ज्यादा विकट थी। हम लोगों ने एक बैठक बुलायी थी, जिसमें कलराज मिश्र जी, मेनका गांधी जी, गडकरी जी, बालियान जी, राधा मोहन जी और सीतारमण जी थीं। हम लोगों ने बैठ कर के इस पर गम्भीरता से विचार किया और विचार करने के बाद, जो हमने प्रश्न के जवाब में भी दिया है कि मिल मालिक की तरफ से हमारे पास चार सुझाव आए थे, उसमें पहला था कि इम्पोर्ट ड्यूटी को 15 से बढ़ाकर 40 कर दिया जाए। हमने इसे 25 कर दिया, क्योंकि जब 10 में ही इम्पोर्ट नहीं हो रहा है और 15 और 25 में भी कुछ इम्पोर्ट नहीं हुआ, इसलिए 40 तक बढ़ाने का कोई सवाल ही नहीं था। दूसरा, एक्सपोर्ट इनसेंटिव्स के लिए था। एक्सपोर्ट इनसेंटिव वर्ष 2013-2014 और 2014-2015 के लिए बढ़ाया गया था। सितम्बर महीने में वर्ष 2013-2014 खत्म हो गया है। इस पर हम पुनर्विचार कर रहे हैं। तीसरा, सॉफ्ट लोन के बारे में था। इसमें 66 सौ करोड़ रुपये दिए गए, जिसमें से 64 सौ करोड़ रुपये बांटे गए। चौथा, इथेनॉल का था। इथेनॉल जो दो परसेंट था, उसको दस परसेंट तक बढ़ाने के लिए कहा गया, जिसे हमने मान लिया है और दस परसैन्ट तक बढ़ाने का हम लोगों ने काम किया।

जहां तक इन्होंने वेस्ट रीन्युएबल इनर्जी के संबंध में कहा है, उस संबंध में इनका जो सुझाव है, उस संबंध में हम सोचेंगे।

श्री राम मोहन नायडू किंजरापु : अध्यक्ष महोदया, मेरा प्रश्न यह है कि माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर में बताया था कि पांच परसैन्ट मेन्डिंग ऑफ एल्कोहल मैनडेटरी है और अगर हम अभी ग्राउंड लैवल में परिस्थिति देखें तो ऐसा नहीं चल रहा है। जो ऑयल मार्केटिंग कंपनीज हैं, जो ई.बी.पी. स्कीम है, इसे ऑनर नहीं कर रहे हैं तो इसकी वजह से शुगर इंडस्ट्रीज को बहुत ज्यादा प्राब्लम हो रही है। मैं जानना चाहता हूं कि आपका इसके बारे में क्या विचार है?

श्री राम विलास पासवान : जो मिल मालिक है, वह एक परसैन्ट कर रहा है, कोई जीरो परसैन्ट कर रहा है। इसलिए हमने कहा कि पांच परसैन्ट कम्पलसरी है, लेकिन यदि कुल मिलाकर कोई 5% नहीं कर रहा है, दूसरा दस परसैन्ट तक कर सकता है। हमारी समझ से इथनोल मिल मालिक के लिए सबसे ज्यादा

लाभदायक चीज है और उसे जिस दिन दस परसैन्ट तक का पैट्रोल में मिश्रण कर दें, अभी यह सबसे ज्यादा शराब में जाता है, कैमिकल्स में जाता है, शराब वाला सीधे जाकर खरीद लेता है, कैमिकल्स वाला भी खरीद लेता है। पैट्रोल के लिए सरकार का नियम है, उसमें टेंडर वगैरह का नियम है। इसलिए जो इथनोल वाला मामला है, वह बहुत महत्वपूर्ण मामला है और हम उसे इंडस्ट्रीज में भी प्रोत्साहन देने के लिए तैयार हैं।

12.00 hrs

PAPERS LAID ON THE TABLE

HON. SPEAKER: Now, Papers to be Laid on the Table.

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्री थावर चंद गहलोत) : अध्यक्ष महोदया, मैं कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा(1) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

